अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

# नारीलोक

**लिखें शक्ति की नई ऋचाएं, अनुशासन के दीप जलाएं**

अंक 277 | पंजीकृत कार्यालय : 'रोहिणी', अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल, लाडनूं (राजस्थान) | अगस्त 2021





# ऊर्जावाणी



- जीव छोटे–बड़े सबके साथ मैत्री भावना।
  देख कर गुण हृदय से अभिव्यक्त हो शुभकामना।।
- मैत्री का अर्थ है सबके हित की कामना। जैसे–जैसे मैत्री का विकास होगा हम सुख–समाधि की दिशा में बढ़ते जायेंगे।
- मैत्री आत्मा की अन्त स्फूर्त पवित्रता है।
- मैत्री अमृत घट है, यह जिसके पास होता है वह अपनी कटुता के जहर को धोकर स्वयं अमृत बन जाता है।

**आचार्य श्री तुलसी**



## प्रेक्षा रश्मियां

जीवन की सफलता का सबसे महत्वपूर्ण सूत्र है – विधायक दृष्टि से सोचना। विधायक दृष्टि से वही व्यक्ति सोच सकता है जिसने ध्यान का मर्म समझा है, जिसने चित्त को निर्मल करना सीखा है, जिसने मन को एकाग्र करना सीखा है, जिसने राग द्वेष को साफ करना सीखा है। विधायक दृष्टि से चिन्तन करने वाला व्यक्ति सच्चाई के पास पहुंच जाता है वह अनेक समस्याओं का समाधान कर लेता है।

**आचार्य श्री महाप्रज्ञ**



## मर्यादा का अमृत निर्झर

आचार्य श्री भिक्षु ने जिस उदार और तटस्थ दृष्टिकोण के साथ मर्यादाओं का निर्माण किया वह उनकी आत्मार्थिता और दूरदर्शिता का प्रतीक था। जो संविधान चंद साधु–साध्वियों के लिए बनाया गया, वही संविधान वर्तमान में लगभग आठ सौ साधु–साध्वियों, समण–समणियों के लिए सुरक्षाकवच बना हुआ है। उन्होंने संघ के लिए ऐसी लक्ष्मण रेखा खींची जिनके भीतर रहने वाला सदस्य स्वस्थ, आश्वस्त और विश्वस्त रह सकता है।

**आचार्य श्री महाश्रमण**



कार्यकर्ता बहनों में सहिष्णुता, सौहार्द व धैर्य का समुचित विकास हो। इन गुणों के आधार पर बहनें अपने मंडल में ऐसी चुम्बकीय शक्ति भर सकती हैं, जो हर बहन को सहसा आकृष्ट कर सकती है।

**साध्वी प्रमुखा कनकप्रभा**

प्रिय बहनों,

सादर जय जिनेन्द्र,

हर व्यक्ति महान क्रांतिकारी सिद्धांतों का विरोध करता है उनके सिद्धांतों का बहिष्कार करता है, आचार्य भिक्षु ने जब दीक्षा ली उस समय पूरा समाज रूढ़ियों व गलत परम्पराओं से जकड़ा हुआ था। जैन सिद्धांत के पालन में शिथिलाचार दृष्टिगोचर होता था आचार्य भिक्षु अपने सिद्धांतों पर अटल रहते हुए अंध श्रद्धा और गलत परम्पराओं का विरोध किया और उन सिद्धांतों का कड़ाई से पालन करते हुए स्थानकवासी सम्प्रदाय के आचार्य रघुनाथ जी से नाता तोड़ लोमहर्षक कष्ट सहते हुए वि. स. 1817 आसाढ़ी पूनम को तेरापंथ की स्थापना की। सत्य के मार्ग पर चलकर मर्यादित जीवन यापन करने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम, तेरापंथ के आध प्रणेता, लोहपुरुष, क्रांतिकारी वीर भिक्षु को शत् शत् वंदन, अभिवंदन।

आसाढ़ी तेरस को आचार्य भिक्षु का 296 वां जन्म दिवस चार्तुमासिक पक्खी, आसाढ़ी पूनम को 262 वां तेरापंथ स्थापना दिवस, 264 वां बोधि दिवस और हमारी महिलाओं का गौरव, हमारा सम्मान, हमारा अभिमान, हमारा गुमान, जिनके अनुभवों से चलते हैं सारे अभियान ऐसी मातृहृदया, असाधारण साध्वी प्रमुखाश्रीजी का 62वें दीक्षा दिवस पर सम्पूर्ण नारी समाज का शत् शत् वंदन।

आध्यात्मिक उत्कर्ष का समय है सावन-'भादवा। इन दो महिनों में व्याख्यान सुनना, चाहे लाइव ही सुने, छोटे-छोटे त्याग-प्रत्याख्यान, तप-जप द्वारा निर्जरा कर अपनी आत्मा को उज्जवल बनाने का ज्यादा से ज्यादा प्रयास करना है। बहनों! तपस्या क्या है?

**आत्म चिंतन करना तपस्या है।**

**स्वाध्याय में लीन रहना तपस्या है।**

**रात्रि भोजन का त्याग करना तपस्या है।**

**खाद्य पदार्थों का सीमाकरण करना तपस्या है।**

**परिग्रह के प्रति अनासक्ति तपस्या है।**

**प्रदर्शन न करना तपस्या है।**

**इच्छाओं का अल्पीकरण करना तपस्या है।**

**कषाय-उपशमन का अभ्यास तपस्या है।**

**अपना स्वार्थ विसर्जन करना तपस्या है।**

हम सौभाग्यशाली है कि हमें आचार्य महाश्रमण जैसे गुरु मिले जो अहिंसा यात्रा के दौरान देश-विदेश में संघ का गौरव बढ़ाते हुए नैतिकता, नशा मुक्ति और साम्प्रदायिक सद्भावना का पाठ पढ़ाते हुए अपनी श्वेतवाहिनी के साथ दिनांक 18 जुलाई 2021 को भीलवाड़ा में चार्तुमासिक प्रवेश किया है। भीलवाड़ा के साथ-साथ पूरा राजस्थान प्रफुल्लित हो गुरु के आगमन की प्रतीक्षा में था। आज सबकी मनोकामना पूर्ण हुई। हम ये शुभकामना करते हैं गुरुदेव का यह चार्तुमास ऐतिहासिक बनें, आप स्वस्थ व निरामय रहे।

इसी महीने में आता है रक्षा बंधन.....। रक्षा बंधन में बहन अपने भाई की कलाई में राखी बांधती है और अपनी रक्षा का वचन मांगती है। रक्षाबंधन का यह त्यौहार भाई-बहन के प्रेम और कर्त्तव्य के सम्बन्ध दर्शाता है जो पवित्रता, शुद्धता और अटूट बंधन का प्रतीक है।

15 अगस्त 1947 का दिन सम्पूर्ण भारतवासियों के लिए महत्वपूर्ण दिन है। इसे स्वतन्त्रता दिवस के रूप में मनाते हैं। इसी दिन भारत के निवासियों ने ब्रिटिश शासन की गुलामी से स्वतंत्रता प्राप्त की थी और भारत भूमि पर तिरंगा लहराकर स्वतंत्रता का आगाज किया।

# आभार! आभार! आभार!

प्रिय बहनों,

निष्ठावान कार्यकर्ता ही होता संस्था का दर्पण
वहीं संगठन सफल जहां हो श्रद्धा व समर्पण
सत्यम्, शिवम् सुन्दरम् के समन्वय से हो सारे कार्य
अभातेममं करता आपके योगदान को वंदन।।

2019 से 2021 तक हम और आप इस कोविड-19 की अनुकूल, प्रतिकूल लम्बी समयावधि में भी कदम से कदम मिलाकर वर्चुअल कार्यक्रम, संवर्धन कार्यशालाएं, सेमीनार, वेबीनार, आध्यात्मिक प्रतियोगिताएं, ब्रेनविटा क्विज, तत्वज्ञान प्रश्नोत्तरी, फिजियोथेरेपी सेन्टर, नन्हीं कली, इन्सीनरेटर, अन्नपूर्णा-''भोजन आपके द्वार'' आदि की अक्षुण्ण अनवरत श्रृंखला चलती रही। अभातेममं की 460 शाखाओं के अध्यक्ष, मंत्री व पूरी टीम को हार्दिक धन्यवाद व आभार ज्ञापित करते हैं कि आपने कोविड-19 के निराशामय वातावरण में आशा रूपी ऐसा दीप प्रज्वलित किया कि जिसकी रोशनी में पूरा मंडल जगमगा उठा। आपके जोश, उत्साह व जज्बे को नमन करते हैं कि नारीलोक में कोई भी कार्य दिया जाता था आप तन-मन-धन से जुट जाती। जैसे कोई बाग, बिना बागवान के अर्थहीन हो जाता है वैसे ही कोई संस्था बिना किसी सशक्त नेतृत्व के प्राणहीन हो जाती है। देव गुरु धर्म की कृपा से तेरापंथ महिला मंडल सदैव ही अपने उर्वर चिन्तन, समर्पण, सबको साथ लेकर चलने की कार्यशैली, कुछ नया करने की ललक ने मंडल को शिखरों चढ़ाया है। आपकी विनम्रता, मिलनसारिता मृदुभाषिता, सरलता, कोमलता एवं अनुशासनप्रियता हमेशा दिल को लुभाती रही है। रह-रह कर याद आते रहेंगे वो लम्हें जो हमने वर्चुअल हर कार्यक्रम में एक बार नहीं अनेकों बार साथ किये है। हमारी दो साल की बेमिसाल उपलब्धि ये रही कि आपका प्यार विश्वास एवं अपनत्व हर वक्त मिलता रहा। हम पद पर रहे या न रहे पर साथ मिलकर हमेशा मंडल को दिन दूनी, रात चुगुनी प्रगति की ओर आरोहण कर नित नई उपलब्धियों की ऋचाएं गढ़ते रहेंगे। हम सौभाग्यशाली है हमें परम श्रद्धेय आचार्यश्री महाश्रमण का वरद हस्त, असाधारण साध्वी प्रमुखाश्री जी का दिशा निर्देशन, अभातेममं की आध्यात्मिक पर्यवेक्षिका शासन गौरव साध्वी श्री कल्पलता जी के मार्गदर्शन में कोरोना महामारी के काल में भी देशभर में अनेक वर्चुअल कार्यक्रम कर एक नई रंगत को जन्म दिया। ये कार्यक्रम आपके हमारे प्रति अनहद विश्वास की अभिव्यक्ति है आपका यही विश्वास और स्नेह सदैव बना रहे। आपके आरोग्यमय जीवन के प्रति शतशत शुभाशंसा।

## नए नेतृत्व का स्वागत

प्रिय बहनों ! आप सभी ने महिला मंडल के नेतृत्व रूपी अध्यक्षीय कमान संभाली है। आप जैसे कर्मठ, जुझारू, लक्ष्य के प्रति समर्पित तथा आंखों में विश्वास, श्रद्धा और मंडल के लिए कुछ कर गुजरने का स्वप्न संजोया है। हम अर्न्तमन के उत्साही भावों के द्वारा आपका और आपके कर्तृत्व का अभिनंदन करते हैं, स्वागत करते हैं। एक फूल की शोभा तब तक रहती है जब तक वह बगीचे के पौधे से जुड़ा रहता है। अंगारा तब तक प्रज्जवलित रहता है जब तक वह अंगीठी में रहता है और हम तब तक सुरक्षित व प्रज्जवलित है जब तक तेरापंथ धर्मसंघ से जुड़े है। हमें प्राणवान, ऊर्जावान, शक्तिमान धर्मसंघ मिला है तेरापंथ शासन के एकादशमाधिशास्ता महामनस्वी, महातपस्वी आचार्य श्री महाश्रमण एवं मातृ हृदया असाधारण साध्वी प्रमुखाश्रीजी का आशीर्वाद हमें विकास के विविध अवसर प्रदान करता है। हम श्रावक कार्यकर्ता बनकर अपनी स्वस्थ पहचान बनाएं।

वर्तमान में कोविड-19 का दौर चल रहा है। अभी भी कुछ जगह लॉकडाउन चल रहा है। हमें सतर्कतापूर्वक कार्यों को अंजाम देना है।

हम ये मंगलकामना करते हैं कि आपके कुशल नेतृत्व में महिला मंडल नित नए कीर्तिमान स्थापित करे तथा आप लोगों में आध्यात्मिक स्फूरणा विकसित होती रहे एवं आत्मिक विकास के सोपानों पर आरोहित होते हुए उत्कर्ष की ओर गतिमान रहे।

पुष्पा बैद
राष्ट्रीय अध्यक्ष

तरूणा बोहरा
महामंत्री

# 'कनक' कला-कौशल प्रतियोगिता

मातृहृदया करूणामयी साध्वीप्रमुखाश्री कनकप्रभाजी के मनोनयन वर्ष की अभिवंदना में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल समस्त शाखाओं के माध्यम से हस्तकला प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इस प्रतियोगिता के नियम निम्नोक्त हैं:

1. बहनें ए-3 साईज में हस्तकला बनाकर भेजें। कला की विधा(mode) और आधार (base) किसी भी रूप में हो सकते है। बहनें स्केच, पेंटिंग, मंडाला, मधुबनी या अन्य किसी भी प्रकार की विधा (any form of art... Painting, sketching, sticking,stitching) का उपयोग कर सकती है। केवल हस्त निर्मित चित्रकला या कलाकृति को ही मान्य किया जाएगा। इसमें किसी भी तरह का साफ्टवेयर का उपयोग वर्जित है।

2. हस्तकला में साध्वीप्रमुखाश्रीजी के जीवन के किसी भी एक पहलू को दर्शाना होगा।

3. प्रमुखाश्रीजी की रश्मियों को दर्शाती इस प्रतियोगिता का आयोजन शाखा मंडल अपने स्तर पर करवाएं। पेंटिंग के पीछे प्रतियोगी एवं क्षेत्र का नाम लिखा हो।

4. बड़े क्षेत्र चयनित दो प्रविष्टियां एवं छोटे क्षेत्र एक प्रविष्टि को केंद्र में भिजवाए।

5. चयनित प्रविष्टियों को श्रीमती नीतू ओस्तवाल को 9461531077 पर दिनांक 30 जुलाई 2021 तक वाट्सप्प करना अनिवार्य है।

6. भेजी हुई प्रविष्टियों में से चयनित कुछ कला कृतियों की प्रदर्शनी भीलवाड़ा में लगायी जाएगी

---

# कला अभ्युदय योजना का शुभारंभ

हे प्रभो ! यह तेरापंथ


कोविड के कारण हमारे समाज के अनेक परिवार आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। 'कला अभ्युदय योजना' के अंतर्गत हम बहनों को ऐसे उपकरण प्रदान करना चाहते हैं जैसे- मसाला पीसने की मशीन, दाल बनाने व आटा पीसने की मशीन, इडली का घोल बनाने की मशीन, जो उन्हें स्वावलंबी बनाकर उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर सके।





आपके क्षेत्र में अगर कोई भी ऐसी तेरापंथी बहन हो तो आप उसकी पूर्ण जानकारी हमें प्रेषित करें। (नाम, पता, टेलीफोन नंबर, आधार नंबर, पैन नंबर, शैक्षणिक योग्यता, उनकी फोटो, परिवार में कुल सदस्य, कमाने वाले सदस्य, परिवार की कुल आय)। प्राप्त आवेदनों में से कुछ चयनित बहनों को यह सहायता प्रदान की जाएगी। इन चारों मशीनों में से आप किसी एक मशीन के लिए आवेदन कर सकते हैं। हम नीचे एक फॉर्म दे रहे हैं जिसको आप भर कर श्रीमती विमला दुगड़, जयपुर को भेज सकते हैं। मोबाइल नंबर 9314517737

**आयोजक : तेरापंथ समाज**



अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मण्डल

द्वारा

श्रद्धेया साध्वी प्रमुखाश्री कनकप्रभाजी के 50वें मनोनयन वर्ष के उपलक्ष्य में

कला अभ्युदय योजना

नाम : ..................

पति का नाम : ..................

पता : ..................

.................. मो. नं. : ..................

आधार नं. : .................. पेन नं. : ..................

शैक्षणिक योग्यता : ..................

परिवार में कुल सदस्यों की संख्या : ..................

कमाने वाले सदस्यों की संख्या : ..................

परिवार की वार्षिक आय : ..................

आवेदनकर्त्ता के हस्ताक्षर

अध्यक्ष, श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ महिला मण्डल ..................

हस्ताक्षर

# कन्यामंडल करणीय कार्य

प्यारी बेटियों,

सादर जय जिनेन्द्र

नन्हीं कलियों के साथ काम करते-करते 2 वर्ष का समय कैसे पलक झपकते ही बीत गया यह हमें पता ही नहीं चला। गुरु के आशीर्वाद से, आप सभी का जो साथ मिला, जो स्नेह, सम्मान मिला वह मेरे जीवन के अविस्मरणीय क्षण रहेंगे। हम यह कह सकते हैं कि -

जिसको मिले गुरु का आशीर्वाद।

और पूरे देश की कन्याओं का विश्वास।

तो सफल होती है हर आस।।

बेटियों, आप विकास की यात्रा में अनेक उपलब्धियों व सफल मापदण्डों के नए शिखर स्थापित कर रही है। आप भविष्य में इसी तरह गति-प्रगति करते हुए, सेवा, श्रम, समर्पण व उच्च संस्कारों को पुष्ट करते हुए अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाएं। हर क्षेत्र में नई संयोजिका व उपसंयोजिका का चयन हो चुका है,आप सभी के मंगल भविष्य की शुभकामना ।

इस माह चातुर्मास के अवसर पर दो मास सावन व भाद्रव में अधिक से अधिक कन्याएँ जमींकंद का परित्याग व रात्रि भोजन का परित्याग करने का प्रयास करें।

दिनांक 16-17-18 अगस्त को 17वां राष्ट्रीय कन्या अधिवेशन Evolve गुलाबी नगर, जयपुर में होना सुनिश्चित हुआ है। हम आशा करतेहैं कि इस अवसर पर हम सब मिल बैठकर मन की बात करेंगे, दो वर्ष में किए गए कार्यों की समीक्षा व हंसी-खुशी के कुछ यादगार पल आप सभी के साथ बिताएंगे।

प्यारी बेटियों आप सभी के स्वर्णिम भविष्य की शुभकामना करते हुए यही कहना चाहती हूँ कि -

रुकें न हम, रुकों न तुम, राह से भटकें ना हम

अपने अडिग विश्वास से, एक नई राह का संकल्प लें

श्रद्धा से झुके रहें, विश्वास से डटे रहें

जीवन साकार जो करें, उस ज्ञान का संकल्प लें।

आपकी दीदी

रमण पटावरी

## श्रद्धेय साध्वी प्रमुखा मनोनयन वर्ष पर अखंड उपवास का संकल्प

अखिल भारतीय महिला मंडल ने चलाया उपवास का अभियान।

एक आगाज पर जुट गई बहनें लगा दिया तन, मन और प्राण।

पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण उपवास की अलख जगी महान।

दिव्य शक्तियों को जागृत करने, करें सब उपवास अनुष्ठान।

सम्माननीय बहनों! सादर जय जिनेंद्र, आप सबको विदित है कि यह है साध्वी प्रमुखाश्री जी का मनोनयन वर्ष चल रहा है हम लोगों ने 9 फरवरी 2021 से 9 फरवरी 2022 तक प्रतिदिन अखंड उपवास करने का संकल्प किया है मेरा पुरानी अध्यक्ष व नई अध्यक्ष से पूरजोर नम्र निवेदन है कि हमें ज्यादा से ज्यादा उपवास करके श्रद्धायुक्त श्री चरणों में भेंट चढ़ानी है।



## कंठस्थ ज्ञान

इस बार कल्याण मंदिर स्त्रोत का 37 वें श्लोक से लेकर 40 वें श्लोक तक याद करने का लक्ष्य रखें।

इस बार 21 वें तीर्थंकर श्री नमि प्रभु की गीतिका याद करने का लक्ष्य रखें।

# महाराष्ट्र संवर्धन कार्यशाला का आयोजन

## मुम्बई में कार्यशाला 'प्रेरणा'



अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ महिला मंडल मुम्बई ने महाराष्ट्र स्तरीय संवर्धन कार्यशाला ''प्रेरणा'' का आयोजन जूम वर्चुअल द्वारा किया।

कार्यशाला की मांगलिक शुरुआत आचार्य श्री महाश्रमणजी के मंगलपाठ विडियो से की गयी। मंगलमय वातावरण में अभातेमम राष्ट्रीय ट्रस्टी श्रीमती प्रकाशदेवी तातेड़ ने नमस्कार महामंत्र का मंत्रोच्चार किया।

अभातेमम की राष्ट्रीय प्रधान ट्रस्टी श्रीमती शांताजी पुगलिया ने विधिवत संवर्धन कार्यशाला का जोशीला आग़ाज़ किया एवं मुंबई महिला मंडल की संपूर्ण टीम को द्विवर्षीय कार्यकाल की शुभेच्छा व्यक्त की। अतिथिदेवो भव: को चरितार्थ करते हुए अध्यक्ष श्रीमती भाग्यश्री कच्छारा ने संपूर्ण राष्ट्रीय अभातेमम टीम व अतिथिगण व वर्चुअल जुड़े सभी केसरिया परिधान से सुसज्जित बहनों का भावों से अक्षत कुमकुम का तिलक लगाकर भावभीना स्वागत व अभिनंदन किया। स्वागत के स्वर में स्वर दिया राष्ट्रीय अभातेमम परामर्शिका सम्माननीय श्रीमती विमलाजी नाहटा ने। तत्पश्चात् निवर्तमान अभातेमम राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती कुमुदजी कच्छारा ने असाधारण साध्वी प्रमुखा श्री कनकप्रभाजी का संदेश वाचन किया व शुभकामनाएँ प्रेषित की। संवर्धन गीत पर विडियो द्वारा शानदार प्रस्तुतीकरण पूना महिला मंडल का रहा।

नारीशक्ति का बेजोड़ नेतृत्व करने वाली, हँसमुख, पुष्प के समान खिलने वाली राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पुष्पाजी बैद ने सभी को प्रेरणा देते हुए कहा जीवन केवल जीना ही नहीं होता उसे सार्थकता से कैसे जियें वो जीवन होना चाहिये। हमारी प्रेरणा स्त्रोत महाश्रमणी असाधारण साध्वी प्रमुखा श्री जी जो अनवरत बिना रुके अपने कार्यों के प्रति सजग रहते हैं, हम प्रेरणा ले सकते हैं। सभी बहनों के प्रति जीवन में हमेशा आगे बढ़ें, शुभकामनाएं प्रेषित करें। संवर्धन कार्यशाला के मुख्य आकर्षण चीफ़ गेस्ट सीने अभिनेत्री ख़ूबसूरत श्रीमती भाग्यश्रीजी दास्सानी ने आज कार्यक्रम से प्रेरणा ली, सभी को बधाई दी साथ ही कहा हमें हमारे बच्चों से प्रेरणा लेनी चाहिए कि किस तरह वे अपने हर एक कार्य में मग्न होकर कार्य करते हैं। मुंबई महिला मंडल ने प्रेरणा थीम सोंग की सुंदर प्रस्तुति दी।

चीफ़ गेस्ट डायरेक्टर ,प्रोड्यूसर, लेखक मारवाड़ी जगत के प्रेरणादायी हस्ती फ़िल्म जगत के बादशाह के. सी.बोकाड़िया साहब ने अपने जीवन के सफर की यात्रा को बताते हुए प्रेरणा दी कि आप जीवन में सम्मान देंगे तो आपको भी सम्मान मिलेगा। विडीयो व संदेश पत्र से महाराष्ट्र के राज्यपाल माननीय श्री भगतसिंहजी कोश्यारी ,सीने अभिनेत्री एवं पॉलिटिशन श्रीमती हेमामालिनी, श्रीमती जयाप्रदा, आमदार श्री आशीषजी शेलार, पुनमजी महाजन ने संवर्धन प्रेरणा कार्यशाला के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की।

प्रेरणा दायी उद्बबोधन आगम मनीषी प्रोफ़ेसर महेंद्रमुनि ने सबको प्रेरणा देते हुए कहा- सर्वप्रथम आदमी को स्वयं की पहचान करनी चाहिए आपमें कितनी शक्ति का समावेश है? आप स्वयं को नहीं जानोगे तब तक आप आगे कैसे बढ़ोगे? नारी में बहुत शक्ति है। वह अपने समर्पण, सेवा से सब कुछ पा सकती है। तेरांपथ सभा मुंबई के अध्यक्ष एवं आचार्य श्री महाश्रमण प्रवास व्यवस्था समिति के अध्यक्ष सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। अभातेमम राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती तरुणाजी बोहरा ने ऊर्जावान, जोशीले भरे वक्तव्य से सभी सन्नारियों में प्रेरणा का स्त्रोत प्रवाहित कर दिया।उन्होंने कहा हर एक वस्तु से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए जिससे हम लक्ष्य की ओर गतिमान हो सके।

अभातेमम राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती जयश्रीजी बड़ाला ने काव्य के माध्यम से प्रकृति से , गुरुओं से हर

माध्यम से हमें कैसे प्रेरणा प्राप्त हो सकती है ये बहुत ही सुन्दर विडिओ से दर्शाया। अभातेममं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य महाराष्ट्र प्रभारी श्रीमती निर्मलाजी चंडालिया ने महाराष्ट्र के विभिन्न शाखामंडल के संगठन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। विशिष्ट झलकियों से सभी को आत्मविभोर करने वाले विडियो जो नागपुर,महेकर व पिंपरी चिंचवड़ से आए,सबको मंत्रमुग्ध कर दिये। संवर्धन प्रेरणा कार्यशाला की सफलतम परिसंपन्नता के मोड़ पर आभार ज्ञापन इ मिडीया प्रभारी अलकाजी मेहता एवं कुशल संचालन मुंबई महिला मंडल की मंत्री स्वीटी जी लोढ़ा ने किया। टेक्निकल सहयोग ABTYP टीम किशोर मंडल से मयंक धाकड़ का रहा।

कार्यशाला को सफलतम शिखर पर पहुँचाने में घाटकोपर महिला मंडल का विशेष सहयोग रहा। राष्ट्रीय टीम की गरिमामयी उपस्थिति, मुंबई महिला मंडल से समस्त पदाधिकारीगण, कार्यसमिति सदस्य, संयोजिका, सहसंयोजिका बहनों का सहयोग उल्लेखनीय रहा। फ़ेसबुक, जूम पर लगभग 950 बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## कर्नाटक स्तरीय संवर्धन कार्यशाला ''परम्परा''



अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल बेंगलुरु गांधीनगर द्वारा कर्नाटक स्तरीय संवर्धन कार्यशाला विषय ''परंपरा'' आयोजित की गयी। इस कार्यशाला में कर्नाटक से 32 क्षेत्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत परम पूज्य गुरुदेव के मंगल पाठ से हुई। तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शांति जी सकलेचा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा की परंपरा इतिहास की साक्षी होती है। परंपरा कितनी पुरानी ही क्यों ना हो समाज, परिवार का गौरव बनती है भले ही आधुनिक हो, कुछ बदलाव के साथ भी परंपराओं को अपनाए। अभातेममं की प्रधान ट्रस्टी श्रीमती शांता जी पुगलिया ने नमस्कार महामंत्र का उच्चारण करते हुए विधिवत संवर्धन कार्यशाला के प्रारंभ की घोषणा की। साध्वी प्रमुखा श्री कनक प्रभा जी का संदेश वाचन कोषाध्यक्ष किरण गिलुंडिया ने किया। इस 25 वीं संवर्धन कार्यशाला में मीनाक्षी भूतोड़िया ने अपने विचारों के साथ मधुर स्वरों में सुंदर गायन की प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि परंपरा को सुरक्षित रखना नारी का महान कर्तव्य है। नेहा गादिया ने नृत्य की भाव भंगिमा द्वारा अतिथियों का सम्मान किया। साध्वी श्री कंचन प्रभाजी ठाणा पांच, साध्वी श्री लावण्या श्री जी ठाणा 3, साध्वी श्री प्रमिला श्री जी ठाणा 4 ने अपने आशीर्वचनों से महिला मंडल गांधीनगर को प्रेरणा पाथेय प्रदान किया। श्रीमती वीणा बैद, सरला जी श्रीमाल ने परंपरा व संवर्धन कार्यशाला पर अपने विचार व्यक्त किए। कन्या मंडल व महिला मंडल द्वारा संवर्धन गीत की सुंदर प्रस्तुति दी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पा जी बैद ने कहा कि अच्छी परंपरा को निभाने और साथ ही अनवांछित परंपरा को हटाने पर जोर दिया। कई परंपराएं रूढ़िवाद को बढ़ावा देती है और भार भूत होकर समाज को पीछे धकेलती है उन्हें हटाया जाए। श्रीमती मधु कटारिया ने मुख्य वक्ता भारती सिंह का परिचय दिया। मुख्य वक्ता श्रीमती भारती सिंह द्वारा अरेंज मैरिज परंपरा से समाज में होने वाले लाभ, विरासत में मिली परंपरा को हमें निभाना चाहिए उस पर जोर दिया। परंपरा हमें पूर्वजों से मिली हमारी धरोहर है। महिला मंडल व कन्या मंडल बहनों ने पारंपरिक वेशभूषा के साथ अनेकता में एकता का सुंदर चलचित्र पेश किया। महामंत्री तरुण जी बोहरा ने सुंदर कविता के साथ किस तरह हमारी पुरानी परंपराएं आज बदल गई है हमारे रिश्ते नाते सिमट गए हैं, मोबाइल के युग में व्यक्ति कितना अकेला हो गया है, अपनी परंपराओं को सुरक्षित रखते हुए आने वाली पीढ़ी को हस्तांतरित करना है। सुधा जी नौलखा कर्नाटक प्रभारी द्वारा गांधीनगर महिला मंडल के कार्यक्रमों का विवेचन किया गया। सभा के मंत्री नवनीत जी मुथा ने अपने विचार प्रकट किए। डेप्युटी चीफ मिनिस्टर कर्नाटक श्रीमान अश्वत्थ नारायण द्वारा तेरापंथ महिला मंडल के द्वारा किए गए कार्यो की सराहना वीडियो के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम के अंत में महिला मंडल मंत्री श्रीमती लता जी गादिया ने सभी का आभार प्रकट किया ।कार्यक्रम का सुंदर संचालन शांति जी सकलेचा व लता जी गादिया के द्वारा किया गया।

# अभातेममं द्वारा समृद्ध राष्ट्र योजना के अंतर्गत अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट पर आधारित एक विशिष्ट परिचर्चा रूबरू - एक मुलाकात कार्यक्रम




अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा अपनी समृद्ध राष्ट्र योजना के अंतर्गत जून माह में चलाये गए अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट की विस्तृत समीक्षा एवं परिचर्चा के रूप में रूबरू - एक मुलाकात कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 5 जुलाई को ज़ूम एवं फेसबुक लाइव के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति किरणजी माहेश्वरी, सब टीवी के धारावाहिक वागले की दुनिया टीम से डायरेक्टर - प्रोड्यूसर श्री जे.डी.मजीठियाजी, क्रिएटिव डायरेक्टर श्री राकेशजी जैन, एक्टर सुमितजी राघवन एवं एक्ट्रेस प्रणतिजी विशिष्ट अतिथि के रूप में सभी से रूबरू हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पुष्पाजी बैद एवं महामंत्री श्रीमती तरुणाजी बोहरा भी अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट की विस्तृत समीक्षा के साथ सभी से रूबरू हुई। इस रूबरू कार्यक्रम में होस्ट एंकर की भूमिका निभाई अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट की राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती जयश्री बड़ाला ने। सर्वप्रथम परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के मंगलपाठ के साथ कार्यक्रम की शुरुआत के बाद नोयडा कन्यामंडल द्वारा अन्न की बर्बादी और इसे रोकने को लेकर एक भावनात्मक विडियो प्रस्तुति दी गई। और फिर शुरू हुआ अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट को लेकर होस्ट एंकर श्रीमती जयश्री बड़ाला के प्रश्नों का सिलसिला। सर्वप्रथम इस परिचर्चा के माध्यम से बहिनों से रूबरू हुई अभातेममं की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पुष्पाजी बैद, जब आपसे पुछा गया कि जिस अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट की गूँज आज देशभर में सुनाई दे रही है उसे शुरू करने के पीछे आपकी क्या सोच, क्या मकसद, क्या चिंतन रहा तो उन्होंने कहा कि देश के कुल अन्न उत्पादन का चालीस प्रतिशत अन्न बर्बाद हो जाता है तो वहीं अन्न की बर्बादी में भारत का दुनिया में सातवाँ स्थान है। हजारों बच्चे कुपोषण के शिकार हो रहे हैं अन्न की बर्बादी देश की एक बड़ी समस्या है इसका और अधिक अहसास वैश्विक कोरोना महामारी के दौरान हुआ जब देखने को मिला कि लाखों लोगों का व्यापार, रोजगार छीन जाने से अन्न का संकट सामने आ खड़ा हुआ, गरीबों को खाना तक नसीब नहीं हो रहा है तब विचार आया कि अभातेममं जो कि पचास हजार से अधिक बहिनों का विशाल संगठन है, उसके लिए यही सही समय है कि वे सब वास्तव में अन्नपूर्णा बनकर दिखाए और अन्न की बर्बादी को रोकने का हर संभव प्रयास करते हुए जरुरतमंदों तक अन्न पहुंचाने का कार्य करें। इसी सोच और चिंतन ने अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट ने मूर्त रूप लिया इसके बाद अभातेममं की राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती तरुणाजी बोहरा से पूछा गया कि किस प्रकार इस प्रोजेक्ट को देश के कोने कोने में पहुँचाया गया और शाखा मंडलों द्वारा इसे संपादित किया गया और इसकी निष्पत्ति क्या रही तो उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के लिए अभातेममं टीम द्वारा विशेष योजना तैयार की गई और इस प्रोजेक्ट को सात आयामी कार्यक्रम का नाम दिया गया जिसके तहत् शाखामंडलों को थीम सोंग एवं पोस्टर्स उपलब्ध कराये गए। सोशल मीडिया पर फेसबुक, व्हाट्सएप्प आदि के माध्यम से आई प्लेज तो वहीं गूगल फॉर्म के द्वारा हजारों संकल्प पत्र भरवाए गये। इसके अलावा एक ई बुक आपकी रसोई - आपका स्वास्थ्य का निर्माण डायटीशियन श्रीमती विभा बैद के सहयोग से किया गया।

250 से अधिक शाखा मंडलों ने सही स्टोरेज से रोंके अन्न का वेस्टेज विषयक प्रयोगिक कार्यशालाए एवं सेमिनार आयोजित की वहीँ होटल्स एवं रेस्टोरेंट के लिए डायनिंग मेट्स, स्टीकर आदि का निर्माण कर विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचाकर अन्न की बर्बादी ना करने के लिए प्रेरित किया गया। लेफ्टओवर का मेकओवर कूकिंग कोंटेस्ट का आयोजन देशभर में किया गया जिसमे सैंकड़ों शाखा मंडलों व कन्या मंडलों ने भाग लिया। इस प्रकार देश के कोने कोने में अन्नपूर्णा अभियान को पहुंचाकर अन्न की बर्बादी को रोकने और बहिनों को अन्नपूर्णा के रूप में प्रतिस्थापित करने कार्य अभातेममं ने सफलतम तरीके से किया।

परिचर्चा के इसी क्रम में अब अवसर था राजसमन्द की यशस्वी विधायक श्रीमती दीप्ति किरण जी माहेश्वरी से रूबरू होने का जब आपसे देश में हो रही अन्न की बर्बादी एवं अन्न के अनादर के बारे में राय जाननी चाही तो आपने सर्वप्रथम सम्पूर्ण अभातेममं टीम को सामाजिक जागरूकता एवं महिला विकास के क्षेत्र में बधाई देते हुए अपनी ओर से हर प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन दिया। और कहा–हमें भी हमारे परिवार से बचपन में भोजन के महत्त्व को जानने और झूठा ना छोड़ने, अन्न का अपमान ना करने की प्रेरणा मिली। उन्होंने अन्न की बर्बादी को पैसे, ऊर्जा आदि की बर्बादी से जोड़ते हुए इसके महत्त्व को समझने का आह्वान किया। उन्होंने अत्यंत सरल तरीके से खाद्य पदार्थों के विभिन्न प्रकार के उपयोग की भी जानकारी दी।

इस कार्यक्रम के आकर्षण के केंद्र विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सब टीवी के धारावाहिक वागले की दुनिया टीम से डायरेक्टर – प्रोड्यूसर श्री जे.डी.मजीठियाजी, क्रिएटिव डायरेक्टर श्री राकेशजी जैन, एक्टर सुमित राघवनजी एवं एक्ट्रेस परिवा प्रणतिजी से रूबरू होने का। जब आप सभी से अन्न की बर्बादी जैसे समसामयिक विषय एवं अभातेममं के अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट के बारे में विचार जानने चाहे तो आप सभी ने एक स्वर में अन्न की बर्बादी और इसके अनादर को अत्यंत चिंतनीय विषय बताया। आप सभी के संयुक्त विचार थे कि महिलाओं की जागरूकता अन्न की बर्बादी को रोकने में प्रमुख भूमिका निभा सकती है। टीवी पर दिखाए जाने वाले सीरियल के माध्यम से दिए गए सन्देश का असर भी घर परिवार पर अवश्य पड़ता है अतः हमारा भी प्रयास रहेगा कि अपने सीरियल के माध्यम से इस विषय को प्रमुखता से उठाएं। यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी है कि हम हमारे कर्मक्षेत्र के माध्यम से देश के विकास में अपना योगदान देवें। घर परिवार में हमें बचपन से ही बच्चों में अन्न के आदर और झूठा ना छोड़ने जैसे आदतों का विकास करना चाहिए।

इस विशिष्ट परिचर्चा में लेफ्टओवर के मेकओवर प्रतियोगिता के सम्मानीय निर्णायकगण श्रीमती मंजूजी सेठिया. श्रीमती विभाजी बैद, श्रीमती तरुणाजी बिरला भी उपस्थित थे। उन्होंने इस प्रतियोगिता से जुड़े अपने अनुभव को सबके साथ साझा करते हुए कहा कि किस तरह से बहनों ने रचनात्मक सोच के साथ बचे हुए खाने का सही उपयोग कर अपनी सृजन कला को दर्शाया है। कार्यक्रम के अंतिम चरण में लेफ्टओवर के मेकओवर प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा अभातेममं की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पुष्पाजी बैद ने की। जिसमें –

प्रथम स्थान श्रीमती निकिताजी हीरावत (पूर्वांचल कोलकाता)

द्वितीय स्थान फरीदाबाद से श्रीमती स्नेहलताजी बैद।

तृतीय स्थान वापी से सुनीताजी गुगलिया।

मुंबई की किंजलजी खमेसरा और पटना की सुमनजी राखेचा को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कन्या मंडल की राष्ट्रीय प्रभारी श्रीमती रमनजी पटावरी ने कन्या मंडल की विजेताओं की घोषणा की। रायपुर महिला मंडल एवं कन्या मंडल से प्रांजल और बिट्टू की जोड़ी ने प्रथम स्थान, सूरत से काजल बैंगानी ने द्वितीय स्थान और पूर्वांचल कोलकाता से रीतिका चपलोत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अपने आप में अलग ही विशिष्टता लिए टीवी शो पर आधारित इस विशिष्ट परिचर्चा कार्यक्रम रूबरू के अंत में कार्यक्रम का होस्ट एंकर के रूप में संचालन कर रही अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट की राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती जयश्री बड़ाला ने सभी सम्मानित अतिथियों, राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं परिचर्चा में सहभागिता दर्ज कराने वाली हजारों बहिनों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# Brainvita Quiz 2019 - 21




अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा ABTMM App पर प्रतिमाह की 1 और 15 तारीख को आयोजित होने वाली Brainvita Quiz के Session 2 (1-1-21) से 15-6-21 तक हुई 12 Quiz का Grand Finale ZOOM पर 11 जुलाई 21 को आयोजित किया गया। इस Grand Finale में देशभर से एवं नेपाल से कुल 50 भाग्यशाली विजेताओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में Image, Guess the Song, Audio based, Video Clips आदि पर आधारित जैन धर्म, तेरापंथ, महिला मंडल के संविधान, अभातेममं इतिहास, योजनाओं एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नों के आधार पर चार राउंड में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इस प्रतियोगिता में

प्रथम रेखा धाकड़ (मुम्बई)

द्वितीय श्रीमती संतोष वेदमूथा (हुबली)

तृतीय श्रीमती सुधा सोनी (राजसमंद)

चतुर्थ श्रीमती आरती धाड़ेवाल (काठमांडू)

पंचम श्रीमती आशा का खाव्या (अहमदाबाद)

इस प्रतियोगिता का शुभारंभ चीफ ट्रस्टी श्रीमती शांता पुगलिया ने नमस्कार महामंत्रोच्चार के साथ किया। चीफ ट्रस्टी ने सभी प्रतियोगियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा बैद ने सभी का स्वागत किया और ब्रेनविटा के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की एवं ब्रेनविटा क्विज के सफल संपादन हेतु संयोजिका श्रीमती जयश्री जोगड़ को बधाई एवं प्रतियोगियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। शुभकामनाओं के इस क्रम में ट्रस्टी श्रीमती सूरज बरड़िया, ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा बैंगानी आदि ने अपनी भावनाएं व्यक्त की।

क्विज मास्टर के रूप में सुश्री स्वीटी कोठारी (मुम्बई), प्रचार प्रसार मंत्री श्रीमती निधि सेखानी, श्रीमती कांता डूंगरवाल (रा.का.स.) एवं श्रीमती अर्चना भंडारी (रा.का.स.) का उल्लेखनीय योगदान रहा।

महामंत्री श्रीमती तरूणा बोहरा ने आभार ज्ञापन किया। ब्रेनविटा संयोजिका श्रीमती जयश्री जोगड़ ने कार्यक्रम का सुंदर संचालन किया।

# कन्या सुरक्षा सर्कल उद्घाटन समारोह

दिनांक 20/07/2021 को अखिल तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार कन्या सुरक्षा योजना अंतर्गत तेरापंथ महिला मंडल - सचीन  द्वारा आचार्य श्री महाश्रमण कन्या सुरक्षा सर्कल का लोकार्पण ग्लोरिना वैली के गेट के सामने किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती कनकजी बरमेचा (ABTMM राष्ट्रीय ट्रस्टी ) और विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती निधिजी सेखानी (ABTMM प्रचार प्रसार मंत्री ) उपस्थित रहे। स्थानीय क्षेत्र से श्री चेतनजी काल्या ( पूर्व विपक्ष नेता , कनकपुर कंसाड ) एवं श्रीमती दीपिका भावसार की उपस्थिति भी रही। कार्यक्रम की शरुआत नमस्कार महामंत्र से की गई बाद में कन्या सुरक्षा सर्कल का उद्घाटन किया गया। मंगलाचरण प्रेरणा गीत के संगान द्वारा किया गया। सभी आये हुए मेहमानों का स्वागत महिला मंडल की अध्यक्षा शशी कोठारी ने किया। अभातेममं की राष्टीय ट्रस्टी कनकजी बरमेचा ने शक्ति संवर्धन की गीतिका के माध्यम से हमें कोई भी काम में खरे कैसे उतरें उसके बारे में समझाया और साधारण सभा कैसे हो उसके बारे में बताया। अभातेममं के प्रचार प्रसार मंत्री निधीजी सेखानी ने बताया कि नारी लोक में दिए गए कार्यों को जरूर करें । अणुव्रत समिति के अध्यक्ष राजमालजी काल्या की उपस्थिति भी रही साथ ही सभा अध्यक्ष महेंद्र कोठारी और तेयुप अध्यक्ष पिंटू मुणोत की गरिमामय उपस्थिति रही । कार्यक्रम का कुशल संचालन मंत्री श्रीमती रिंकू मुणोत ने किया। आभारज्ञापन कन्या मंडल प्रभारी नीमा चौधरी ने किया।

# सास बहु कान्टेस्ट

॥ अर्हम् ॥

**अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल**

Saas-Bahu Combo Contest

**सास-बहू जोड़ियों की टक्कर रही जोरदार खत्म हुआ आज Winners का इन्तजार**

**प्रथम स्थान**

अनिता – कोमल भंसाली, गुवाहाटी

**द्वितीय स्थान**

सुशीला – प्रेक्षा ढ़िलीवाल, मुंबई

**तृतीय स्थान**

बिमला – सोनम बोथरा, बीरगंज नेपाल

**चतुर्थ स्थान**

सरोज – वर्षा बैद,– मध्य कोलकाता

**प्रोत्साहन**

अंजू – मीनाक्षी गुलगुलिया, बरहमपुर
लीलादेवी – सीमा डागा, इचलकरंजी
तारा – श्रेया बोहरा, नंजनगुड

सास बहू का अपना रिश्ता- माँ बेटी में बदल गया
एक दूजे का साथ मिला तो जीवन कितना संवर गया
सास बहु से- तीन बातें बदलना चाहूँ सुन लो मेरी बात
1. 'समय' को लेकर चिंता छोड़ो, घर के पीछे ऑफिस से मुँह ना मोड़ो
2. यथासंभव मदद करती ही हो, फिर मन में अफ़सोस क्यूँ रखती हो
3. जितना करती हो खुश हो कर करो, बिंदास रहो, खुशहाल रहो ।

बहु सास से- मुझे भी कुछ कहना है मम्मी
1. औरों के लिए बहुत सोचा, अब अपनी बारी आई है
2. शौक़ सभी पुरा करो, जो अब तक ना कर पाई हो
3. गलती पर डाँटो मुझे, सिर्फ़ प्यार की दौलत ही लुटाई है ।

जीवन भर हम दोनों का साथ रहे प्यारा
बात चले इस रिश्ते की अपनी मिसाल दे जग सारा ।
रिश्ता है सास बहू का निराला
नज़र ना लगे इसे लगा दूँ टिका काला 😀

-अमिता कोमल भंसाली
गुवाहाटी



## सफर...एक खास रिश्ते का

मुश्किलों में सहारा ही नहीं साथ भी देती है,
उड़ने का हौसला ही नहीं पंख भी देती है..
रिश्ता हमारा 19 सालों का💞, कुछ खट्टा कुछ मीठा सा,
बिन कहे समझ जाते हम,हाल एक दूजे के मन का..
पूछा मम्मीजी से, कौनसी 3आदतों में मेरी चाहते हो सुधार ?
वो बोले.. छोड़ो गुस्सा, बच्चों पर बिगड़ना, करो सामायिक हर शनिवार😷
मां की आज्ञा सर आंखों पर, कहा मैंने "TRY" जरूर करूंगी👍
क्या थोड़ा बदलेंगी आप भी, गर मैं जो कहूंगी..
CHOLESTROL बढ़ रहा है,पर रुकती नहीं आप जब आता है सामने
🤗 PIZZA, PAKODA ,BURGER
तारीफ करते नहीं किसी की,न आती SMILE😊 ईजीली आपके फेस पर
आभार ABTMM का, लाए UNIQUE सास बहू CONTEST
कविता में ही नहीं, सचमुच करेंगे बदलाव,बनाएंगे इस रिश्ते को
THE BEST👌

SUSHILA DHILIWAL
PREKSHA DHILIWAL
DOMBIVLI (MUMBAI)



रिश्ते का नाम है सास बहू पर , मैंने
आपको मां के रूप में पाया |वटवृक्ष हो
हमारे आंगन की आप , मैं हूं आप की
छाया||
हम दोनों का रिश्ता है मीठा और
नमकीन |
जब मैंने पूछा अपनी कमियों के बारे में
तो मां ने बुला कर बताई बातें यह तीन||

"हेल्थ के नियम को तुम जरूर पालना, सब्जी मे नमक थोड़ा कम
ही डालना|
खाना बनाओ तुम स्वाद से भरपूर, मोबाइल को किचन से जरा
रखा करो दूर|
प्यारी हो तुम मुझे इतनी जैसे ह्रदय की नाड़ी , बार त्योहार पहन
लिया करो बेटा कभी साड़ी||"
मैंने कहा मम्मी जी
"अब किचन की चिंता छोड़िए और सामायिक की तरफ मुंह
मोड़िए |
टेंशन थोड़ा कम लीजिए और पोतों के संग खेलिए|"
प्यार की खुशबू से महका, हमारा सास बहू का रिश्ता | नजर ना
लगे कभी किसी की , ऐसा अटूट रिश्ता||

बिमला सोनम बोथरा
बीरगंज, नेपाल

# संगठन यात्रा

## बीकानेर स्तरीय





शासन गौरव साध्वी श्री राजीमती जी के सानिध्य में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की कार्यसमिति सदस्या बीकानेर क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती संतोष जी बोथरा के निर्देशन में ज्ञान चेतना सेमिनार नोखा में आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत कन्यामण्डल की बहनों द्वारा प्रेरणा गीत से हुई। शासन गौरव साध्वी श्री राजीमती जी ने फ़रमाया संघीय दृष्टि से, ज्ञान की दृष्टि से, सामाजिक दृष्टि से क्षेत्र को कैसे सुंदर बना सकते हैं।

शासन श्री समता श्री एवं साध्वी श्री प्रभात प्रभा जी ने एक सफल कार्यकर्ता के टिप्स बताए। किसी भी संस्था का विकास तभी संभव हो सकता है जब हम विश्वास, कार्य क्षमता, और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करे नोखा ते.म.म. अध्यक्षा श्रीमती कुसुम छाजेड़ ने आये हुए आगुंतकों का स्वागत अपने भावों से किया। क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती संतोष जी बोथरा ने नोखा,देशनोक, जोरावरपुरा महिला मंडल की सार संभाल की तथा संस्था की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। अखिल भारतीय महिला मंडल द्वारा प्रमुख चार योजना चल रही है- स्वस्थ परिवार स्वस्थ समाज, कन्या सुरक्षा अभियान, आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना एवं समृद्ध राष्ट्र योजना।

इन सबको सुचारू रूप से चलाने को कहा गया एवं रजिस्टर मेंटेन करने से लेकर सस्था संचालन की छोटी से छोटी जानकारी सब के सामने रखी सबकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। जिससे सबको आत्मतोष का अनुभव हुआ व साध्वी प्रमुखा श्री जी के संदेश का वाचन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पा जी बैद का संदेश अनुपमा जी सेठिया ने किया एवम राष्ट्रीय संयोजिका सरिता जी डागा के संदेश का वाचन शशि रांका ने किया। जोरावरपुरा महिला मंडल से शकुन्तला जी मरोठी ने देशनोक म.म.से कांता देवी सिपानी ने अपने विचार रखे। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष राजेंद्र जी बोथरा ने अपनी सुमधुर आवाज से संगीत सुनाया। आभार ज्ञापित कन्यामण्डल प्रभारी श्रीमती प्रीति मरोठी ने किया। अच्छी संख्या में कन्या मण्डल, महिला मंडल की बहनें उपस्थित रहीं। कुशल संचालन मंत्री मन्जु बैद ने किया।

## मध्यप्रदेश स्तरीय





क्षेत्र:- ग्वालियर, जब्बलपुर, उज्जैन, रतलाम, बोरी, बामनिया, करवड़, सारंगी, रायपुरिया, झाबुआ, नीमच, जावद, कैसूर, कल्याणपुरा, राजगढ़, पेटलावद, झकनावद व बुरहानपुर

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य मध्य प्रदेश प्रभारी श्रीमती प्रभा जी घोड़ावत के नेतृत्व में व सहयोगी सुमन जी दुगड़ तेरापंथ महिला मंडल पूर्व अध्यक्ष इंदौर के साथ मध्य प्रदेश स्तरीय शाखा सार संभाल हेतु एक जूम मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बार कोरोना महामारी के कारण फिजिकली हम लोग नहीं जा सके अतः जूम लिंक के द्वारा वर्चुअल मीटिंग का प्रावधान रखा। जिसका मुख्य उद्देश्य शाखा मंडलों के स्थानीय समस्याओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान, केंद्रीय योजनाओं, संविधान व रजिस्टर्स की जानकारी देना था। Meeting बहुत ही successful रही।

सभी शाखा मंडलों का बहुत ही अच्छा एवं सकारात्मक response मिला। मध्य प्रदेश के छोटे-छोटे क्षेत्रों ने बहुत ही जागरूकता का परिचय दिया सभी बहनों में अच्छा उत्साह था। उनका कहना था कि हर 3 महीने में ऐसी मीटिंग होना चाहिए ताकि हम active व जागरूक रह सकें।

श्रीमती प्रभा जी घोड़ावत द्वारा शाखा मंडलों की समस्याओं का निराकरण बहुत ही सुंदर व सरल तरीके से किया गया एवं अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही physiotherapy Centre एवं भावना चौके में पूज्यवरों की रास्ते की सेवा के लिए प्रेरित किया। श्रीमती सुमन जी दूगड़ के द्वारा संविधान व रजिस्टर्स की जानकारी दी गई एवं कोरोना जैसी वैश्विक महामारी की परिस्थिति में किस तरह से हमें सुरक्षित रह कर घर परिवार की सुरक्षा करनी है इसके बारे में जानकारी दी गई साथ ही घर में रहकर ज्यादा से ज्यादा तप जप स्वाध्याय के साथ धार्मिक आराधना करने की प्रेरणा दी गई, सभी क्षेत्रों में धार्मिक प्रवृत्तियों का क्रम बहुत सुंदर चल रहा है। सभी शाखा मंडलों का यही कहना था कि आज ऐसा लग रहा है मानो सभी शाखा मंडल एक मंच पर उपस्थित हो गए हैं। आज की सफलतम मीटिंग के लिए सभी शाखा मंडलों का बहुत-बहुत साधुवाद। सभी शाखा मंडलों का शाब्दिक स्वागत श्रीमती प्रभा जी घोड़ावत के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रीमती सुमन जी दूगड़ ने किया।

## असम स्तरीय




दिनाँक 16 जून 2021को असम प्रभारी एवं अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की कार्यसमिति सदस्य श्रीमती विद्या कुंडलिया द्वारा जूम ऐप पर संगठन यात्रा के तहत कार्यशाला ''संपर्क'' आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र से किया गया।


सिलचर महिला मंडल की बहनें श्रीमती अर्चना बैद एवं श्रीमती नीलम सेखानी द्वारा मंगला चरण का संगान किया गया। साध्वी प्रमुखा श्री जी के संदेश का वाचन नौगांव महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अंजु गुजरानी ने किया व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा जी बैद के आह्वान का वाचन गुवाहाटी अध्यक्ष श्रीमती रंजू खटेड़ द्वारा किया गया।

असम प्रभारी श्रीमती विद्या कुंडलिया ने सभी बहनों का स्वागत करते हुए, अनेक पहलुओं पर प्रकाश डाला,शाखा मंडल की योजनाओं से अवगत करवाया, संगठन यात्राओं के महत्व को समझाते हुए, कुशल कार्यकर्ता की अर्हताए एवं कार्यकर्ता कैसा होना चाहिए? इस विषय पर जानकारी दी।

संगठन यात्रा की राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती सरिता जी डागा के संदेश का वाचन किया गया। शाखा मंडलों को सुचारू रूप से संचालन के लिए आवश्यक रजिस्टर की जानकारी भी विद्या कुंडलिया ने दी एवं सभी की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

आभार ज्ञापन ग्वालपाड़ा महिला मंडल की मंत्री श्रीमती नीतू कोठरी ने किया। प्रोग्राम का सुंदर व कुशल संचालन ढेकियाजुली की मंत्री श्रीमती अमृता बोथरा ने किया। इस कार्यक्रम में असम के 10 क्षेत्रों ने अपनी सहभागिता दर्ज करवाई। अंत में श्रीमती विद्या कुंडलिया ने सभी का इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए आभार व्यक्त किया।

## महाराष्ट्र स्तरीय



अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में महाराष्ट्र (विदर्भ पश्चिम महाराष्ट्र, मराठवाड़ा) स्तरीय संगठन यात्रा का सफल आयोजन किया गया।

महाराष्ट्र क्षेत्रीय प्रभारी एवं अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के परामर्शक व श्रीमती विमला जी नाहटा एवं श्रीमती निर्मला जी चिंडालिया द्वारा जूम ऐप पर संगठन यात्रा कार्यशाला आयोजित की गई जिसका सुंदर और सुव्यवस्थित संचालन पालघर महिला मंडल द्वारा किया गया

संगठन यात्रा का शुभारंभ महाराष्ट्र क्षेत्रीय प्रभारी एवं ABTMM के परामर्शक श्रीमती विमला जी नाहटा द्वारा नमस्कार महामंत्र से किया गया। कार्यक्रम की मंगल शुरुआत


औरंगाबाद महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण से किया गया। असाधारण साध्वी प्रमुखा श्री जी का संदेश वाचन बोईसर महिला मंडल से कांता जी सोलंकी ने किया।

महाराष्ट्र क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती निर्मला जी चंडालिया ने सभी बहनों का स्वागत करते हुए, अनेक पहलुओं पर प्रकाश डाला,शाखा मंडल की योजनाओं से अवगत करवाया राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा जी बैद का संदेश वाचन नागपुर महिला मंडल से श्रीमती भारती जी बाबेल ने किया।

महाराष्ट्र प्रभारी एवं ABTMM की परामर्शक श्रीमती विमला जी नाहटा ने संविधान का वाचन किया। संगठन यात्रा की राष्ट्रीय संयोजिका का संदेश वाचन अंबाजोगाई महिला मंडल से सुनीता जी कातरेला ने किया। शाखा मंडलों के लेखा-जोखा रखने के लिए एवं सुचारू रूप से संचालन के लिए आवश्यक रजिस्टर की जानकारी महाराष्ट्र प्रभारी श्रीमती निर्मला जी चंडालिया ने बहुत ही बारीकी से दी। कार्यक्रम का सुंदर संचालन पालघर महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती संगीता जी बाफना ने किया।

आभार ज्ञापन पुणे महिला मंडल से श्रीमती सुमन जी मरलेचा ने किया। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के विदर्भ, पश्चिम महाराष्ट्र व मराठवाड़ा के लगभग 18 क्षेत्रों ने अपनी सहभागिता दर्ज करवाई।

## खानदेश स्तरीय



महाराष्ट्र क्षेत्रीय प्रभारी एवं ABTMM के परामर्शक श्रीमती विमला जी नाहटा एवं श्रीमती निर्मला जी चंडालिया द्वारा ZOOM पर संगठन यात्रा आयोजित की गई। जिसका सुंदर और सुव्यवस्थित संचालन एवं टेक्निकली संयोजन जलगांव महिला मंडल द्वारा किया गया।

संगठन यात्रा कार्यशाला का शुभारंभ महाराष्ट्र क्षेत्रीय प्रभारी एवं ABTMM के परामर्शक श्रीमती विमला जी नाहटा द्वारा नमस्कार महामंत्र से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीमती सीमा जी डागा,इचलकरंजी महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण से किया गया। साध्वी प्रमुखा श्री कनक प्रभा जी का संदेश वाचन श्रीमती जयश्री जी गोगड़, पिपलनेर क्षेत्र द्वारा किया गया। महाराष्ट्र क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती निर्मला जी चंडालिया ने सभी बहनों का स्वागत करते हुए कई सारे पहलुओं पर रोशनी डालते हुए गहराई से समझाया। महाराष्ट्र क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती विमला जी नाहटा द्वारा संविधान का वाचन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा जी बैद का संदेश वाचन श्रीमती पुष्पा जी मनोत, डोंडाइचा क्षेत्र द्वारा किया गया। संगठन यात्रा संयोजिका का संदेश वाचन श्रीमती पुष्पा जी बरड़ीया, जयसिंहपुर क्षेत्र द्वारा किया गया।

ABTMM कार्यसमिति सदस्य एवं Brainvita Quiz की संयोजिका श्रीमती जयश्री जी जोगड़ द्वारा सातो रजिस्टर की जानकारी बड़ी ही बारीकी से दी गई। कार्यक्रम का सुंदर एवं सुव्यवस्थित संचालन जलगांव महिला मंडल की कोषाध्यक्ष श्रीमती विनीता जी समदड़िया, जलगांव क्षेत्र द्वारा ZOOM पर किया गया। कार्यक्रम को पूरी तरह से टेक्निकली जलगांव महिला मंडल मंत्री श्रीमती रीटा बैद द्वारा संचालित किया गया। आभार ज्ञापन श्रीमती कविता जी चौरडिया, सोलापुर क्षेत्र द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में खानदेश क्षेत्रों (जलगांव, शाहदा, सोलापुर, अमलनेर, इचलकरंजी, डोंडाइचा आदि)की मंत्री द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में किए गए कार्यों की संक्षिप्त जानकारी दी गई। कार्यशाला में कुल 21 क्षेत्रों की सहभागिता रही एवं बहुत अच्छी संख्या में बहनों की उपस्थिति रही।

## हरियाणा-उत्तरप्रदेश स्तरीय

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार 19 जून 2021 को शाखाओं की सार संभाल हेतु हरियाणा




उत्तर प्रदेश स्तरीय संगठन यात्रा जूम वेबीनार द्वारा अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की संरक्षिका श्रीमती सुशीला जी पटावरी, अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष एवं तेरापंथ दर्शन तत्व ज्ञान राष्ट्रीय निर्देशिका श्रीमती पुष्पा जी बैंगानी एवं राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती मंजू जी भूतोड़ीया, अखिल भारतीय महिला मंडल की भूतपूर्व महामंत्री, उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रीमती सुमन जी नाहटा, हरियाणा प्रभारी श्रीमती नीतू जी पटावरी एवं हरियाणा उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रीमती अर्चना जी भंडारी द्वारा आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती सुशीला जी पटावरी द्वारा नमस्कार महामंत्र द्वारा किया गया एवं उन्होंने संक्षेप में मंडल की प्रगति के बारे में बताया, आपने बताया हमारा मंडल 50 वर्ष से भी अधिक पुराना है एवं साध्वी प्रमुखा जी की प्रेरणा से निरंतर आगे की ओर गतिमान है। मंगलाचरण कानपुर शाखा मंडल द्वारा किया गया। हरियाणा प्रभारी श्रीमती नीतू जी पटावरी ने उपस्थित सम्माननीय मंच एवं शाखा मंडल पदाधिकारियों का स्वागत किया। सभी शाखा मंडलों को संगठित रहने की प्रेरणा दी एवं अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के कार्यों को प्रामाणिकता के साथ करने की सलाह दी।

श्रीमती सुमन जी नाहटा ने मंडल की जानकारी एवं सार संभाल के बारे में बताया। आपने हरियाणा एवं यूपी शाखा मंडल को केंद्र से आए कार्यों को पूर्ण कर्मठता एवं प्रमाणिकता से करने के लिए सराहा, साथ में बेहद सरल शब्दों में सभी सातों रजिस्टर की जानकारी दी। श्रीमती मंजू जी भूतोड़ीया ने साध्वी प्रमुखा जी के संदेश का वाचन किया।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा जी बैद का संदेश श्रीमती नीतू जी पटावरी ने वाचन किया। श्रीमती अर्चना जी भंडारी ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं संगठन यात्रा संयोजिका श्रीमती सरिता जी डागा के संदेश का वाचन किया। तत्व प्रचेता पुष्पा जी बैंगानी ने संविधान एवं चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी, उन्होंने कहा चुनाव से पहले चुनाव प्रक्रिया के बारे में मंडलों को बताना एक नए इतिहास का सृजन है।

हरियाणा उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रीमती अर्चना जी भंडारी ने अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की चारों योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

जिज्ञासा समाधान सत्र में सभी शाखा मंडल के अध्यक्ष एवं मंत्रियों ने अपने कार्यकाल के अनुभव बताए एवं अपनी जिज्ञासा रखी, जिसका श्रीमती सुमन जी नाहटा एवं श्रीमती पुष्पा जी बैंगानी ने समाधान किया।

इस कार्यक्रम में हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश के 16 क्षेत्रों से बहनों ने अच्छी संख्या में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। सभी शाखा मंडल की बहनों ने इस वर्चुअल संगठन यात्रा कराने हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष के एवं क्षेत्रीय प्रभारियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। अंत में नीतू जी पटावरी ने वर्चुअल जूम मीटिंग में पधारी सभी बहनों का आभार ज्ञापन किया।

## बिहार–झारखण्ड स्तरीय



अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार 15-6-2021 को शाखाओं की सार संभाल हेतु बिहार-झारखंड स्तरीय संगठन यात्रा जूम वेबीनार द्वारा अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व संगठन यात्रा की राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती सरिता जी डागा बिहार क्षेत्र प्रभारी शशी जी बोहरा, सीमा जी बैद द्वारा आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रवक्ता उपासिका पूर्व रा.का.सदस्य श्रीमती संतोष श्रीमाल ने नमस्कार महामंत्र द्वारा किया। मंगलाचरण गुलाब बाग महिला मंडल द्वारा किया गया। बिहार प्रभारी श्रीमती शशि जी बोहरा ने साध्वी प्रमुखा श्री जी के संदेश का वाचन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा जी बैद का संदेश वाचन किशनगंज अध्यक्ष सुश्री सारिका जी कोठारी ने किया। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की सभी योजनाओं की विस्तृत

जानकारी बिहार क्षेत्र प्रभारी श्रीमती सीमा जी बैद ने दी तथा साध्वी प्रमुखा श्री जी के चयन दिवस पर अखंड उपवास कराने की, तय समय पर रिपोर्ट भेजने एवं सारे कार्य समय पर संपादित करने की प्रेरणा दी।

राष्ट्रीय संयोजिका अभातेममं उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता जी संविधान एवं सातों रजिस्टर को कैसे मेंटन करें इसके बारेमें विस्तार पूर्वक बताया ।जिज्ञासा समाधान सत्र में सभी शाखामंडल के अध्यक्ष , मंत्री ने कार्यकाल के अनुभव के बारे में बताया व अपनी जिज्ञासा को रखा । श्रीमती सरिता जी डागा ने सभी की जिज्ञासाओं का समाधान किया। आज की संगठन यात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा जी बैद ने अपने व्यस्त समय से समय निकाल कर घंटे भर के लिए जुम से जुडी और बहनों को संबोधित किया आभार ज्ञापन चास बोकारो की मंत्री श्रीमती रेणु जी चोरड़िया ने किया।मंच का सुंदर संचालन तेरापंथ महिला मंडल पटना की मंत्री पुष्पा बैद ने किया।इस कार्यक्रम में बिहार झारखंड के 12 क्षेत्रों से बहनों ने अच्छी संख्या में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।सभी शाखामंडल की बहनों ने इस virtual संगठन यात्रा कराने हेतु राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति आभार ज्ञापित किया।

## थली स्तरीय



क्षेत्र – श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, नोहर, पीलीबंगा, भादरा, रायसिंह नगर, सूरतगढ़, तारानगर, राजगढ़ एवम् सादूलपुर।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मण्डल के निर्देशानुसार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा कार्यसमिति सदस्य श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा, श्रीमती सुशीला चौपड़ा, श्रीमती मधु श्यामसुखा एवं सभी शाखा मण्डल के अध्यक्ष मंत्री के साथ ज़ूम मीटिंग की शुरुआत मंगला चरण द्वारा की गई।

पीलीबंगा से श्रीमती प्रीति डाकलिया द्वारा बहुत ही मधुर आवाज़ में प्रस्तुति दी गई। श्रीमती सुशीला चौपड़ा ने असाधारण साध्वी प्रमुखाश्री जी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमति पुष्पा जी बैद का संदेश वाचन किया। श्रीमती सरिता जी डागा ने संगठन के बारे में बताया, उन्होंने कहा संगठन में बहुत शक्ति होती है, इस कोरोना काल में आप कही नहीं जा सकते हैं तो घर पर भी धर्म ध्यान त्याग प्रत्याख्यान कर सकते हैं और कहा हमारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपनी सूझ-बूझ से कल्याण मंदिर भक्ताम्बर, त्याग प्रत्याख्यान एवं आध्यात्मिकता द्वारा हमारी रोग प्रतिरोधक शक्ति को मजबूत किया है। श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा ने संविंधान के बारे में बहुत ही सुंदर व समझदारी से समझाया और रजिस्टर्स को कैसे मेन्टेन करना चहिये जिसे मंडल का हर कार्य उचित व उत्तम रूप से होते रहे।

सादुलपुर से श्रीमती शर्मिला ने बताया कि ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी एवं कल्याण मंदिर भक्ताम्बर ने तो हमारा जीवन ही बदल दिय श्रीमती सरिता डागा ने परिवार के साथ धर्म आराधना करने की प्रेरणा दी। हनुमानगढ़ से श्रीमती संतोष बाँठिया ने आभार व्यक्त किया। श्रीमती मधु जी श्यामसुखा ने बहुत ही सुंदर संयोजन किया।

## उड़ीसा व छत्तीसगढ़ स्तरीय




दिनांक 25 अप्रेल को अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की उपाध्यक्ष एवं संगठन यात्रा संयोजिका श्रीमती सरिता डागा ने छत्तीसगढ़ तथा उड़ीसा प्रभारी सरिता बरलोटा के साथ पूरे छत्तीसगढ़ व उड़ीसा क्षेत्रों की सार सँभाल की। महाश्रमणी जी के मंगल संदेश से मीटिंग की शुरूवात हुई तत्पश्चात् प्रेरणा गीत व राष्ट्रीय अध्यक्ष संदेश का वाचन किया गया। सरिता जी डागा ने चारों योजनाओं के साथ-साथ चल रही अन्य योजना की भी विस्तृत जानकारी दी व सभी projects तथा करणीय कार्यों में सक्रिय सहभागिता करने हेतु प्रेरणा दी। प्रभारी सरिता बरलोटा ने

रायपुर की ओर से अध्यक्षीय उदबोधन देते हुए सरिता जी डागा के साथ सभी क्षेत्रों का परिचय करवाया । कुछ संस्था के अध्यक्षो ने अपने विचार भी रखे । कोरोना काल में छतीसगढ़ व उड़ीसा प्रभारी सरिता बरलोटा ने अपने दोनो क्षेत्रों क़ी पूरी यात्रा सम्पन्न कर ली। कहीं physical तो कहीं virtual।

उड़ीसा की virtual पूरे क्षेत्रों के अध्यक्ष मंत्री के साथ सामान्य सदस्याएँ भी सभी अखिल भारतीय के कार्यों व सार सम्भाल से बहुत ख़ुश है। संचालन सरिता बरलोटा ने किया ।

## गुजरात स्तरीय




अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में दक्षिण गुजरात वर्चुअल संगठन यात्रा रखी गई जिसमें अभातेममं सहमंत्री मधु जी देरासरिया, प्रचार प्रसार मंत्री निधी जी सेखाणी एवं गुजरात क्षेत्रीय प्रभारी भारती जी पारख ने शाखा सार संभाल की। सोनू सेठिया ने नमस्कार महामंत्र से कार्यक्रम की शुरुआत की। सूरत शाखा मण्डल ने मंगलाचरण की सुंदर प्रस्तुति दी।

साध्वी प्रमुखा श्री जी का संदेश वाचन राष्ट्रीय प्रचार प्रसार मंत्री निधी जी सेखाणी ने किया। राष्ट्रीय सहमंत्री मधु जी देरासरिया ने चार योजनाओं और संविधान को सारगर्भित तरीके से बताया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और गुजरात क्षेत्रीय प्रभारी भारती जी पारख ने जूम मीटिंग से संगठन यात्रा में जुड़े 15 क्षेत्रों की बहिनों का आत्मीय स्वागत किया एवं उनके निरतंर सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। सुरत शाखा अध्यक्ष जयंती जी सिंघी ने राष्ट्रीय टीम और शाखा मंडलों का स्वागत अभिनन्दन किया।

उधना अध्यक्षा श्रेया जी बाफना, वापी अध्यक्षा मधु जी झाबक, पर्वत पाटीया अध्यक्षा कुसुम जी बोथरा, लिंबायत अध्यक्षा रेखा जी नौलखा, सचीन अध्यक्षा शशी जी कोठारी ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। शाखा मंडल की बहनों ने अपनी जिज्ञासाएं भी रखी जिनके समाधान मधु जी देरासरिया ओर निधी जी सेखानी ने दिए। बारडोली महिला मंडल अध्यक्षा कमला जी देरासरिया आभार ज्ञापन के साथ कार्यक्रम पूर्ण हुआ। कार्यक्रम का कुशल संचालन बड़ौदा शाखा की सहमंत्री सोनु सेठिया ने किया।

## दक्षिण संभागीय स्तरीय




अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा अपनी शाखाओं को संगठन की दृष्टि से सुदृढ़, समृद्ध, आत्मनिर्भर तथा और अधिक सक्रिय स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्यों को क्षेत्रों में स्थित शाखा-कार्यालयों की सार-संभाल हेतु यात्रा करने की दी गई जिम्मेदारी के अन्तर्गत केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं तमिलनाडु-केरल प्रभारी श्रीमती माला कातरेला और श्रीमती अनिता चौपड़ा ने वेबीनार (जूम मिटिंग) के माध्यम से आज तिरूकल्लीकुण्ड्रम, आरकोणम, गुड़ियात्तम तथा कांचीपुरम महिला मंडलों को संबोधित किया। इस अवसर पर श्रीमती कातरेला ने कहा कि कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के कारण प्रत्यक्ष यात्रा संभव नहीं है, परन्तु आधुनिक तकनीक ने अब इस समस्या को आसान बना दिया है। हम घर बैठकर ही प्रत्यक्ष उपस्थिति का आभास करते हुए अपनी बात रख सकते हैं।

कार्यक्रम का प्रारम्भ पूज्य गुरुदेव द्वारा प्रदत्त मंगलपाठ की रिकॉर्डिंग द्वारा हुआ। श्रीमती माला कातरेला ने साध्वीप्रमुखाश्री के संदेश का वाचन करते हुए ज्ञान-चेतना, नैतिक चेतना, संयम चेतना, सामुदायिक चेतना आदि का विशद

विवेचन किया और अनेकों दृष्टांत एवं कहानियों के माध्यम से प्रेरणा देते हुए तपस्या की प्रेरणा दी। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए श्रीमती अनिताजी चौपड़ा ने जीवन में स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वास्थ्य जीवन की पहली आवश्यकता है, यदि हम शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से पूर्ण स्वस्थ होंगे तभी धर्म-ध्यान, जप, तप आदि की साधना कर सकते हैं। उन्होंने स्वस्थ एवं संयमित जीवन की प्रेरणा देते हुए स्वास्थ्य चेतना, बौद्धिक चेतना एवं अपरिग्रह चेतना के बारे में बताया।

इस अवसर पर तेरापंथ महिला मंडल तिरूकल्लीकुण्ड्रम, कांचीपुरम, आरकोणम और गुड़ियात्तम से क्रमशः अध्यक्ष बहनें श्रीमती इंदिरा जी बरलोटा, सुनीता जी सिसोदिया, अरूणाजी दरला और विमला जी समदड़िया ने अपने-अपने क्षेत्र का प्रगति विवरण प्रस्तुत किया। संगठन यात्रा की राष्ट्रीय संयोजिका के विचारों का वाचन श्रीमती सुमनजी बरमेचा ने किया। पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्या श्रीमती उषाजी बोहरा ने भी अपने विचार रखे। अन्त में श्रीमती एम. सरलाजी ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

## केरल स्तरीय

तेरापंथ धर्मसंघ की यशस्वी संस्थाओं में प्रमुख अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंउल द्वारा अपनी क्षेत्रीय मण्डल शाखाओं केविकास हेतु संगठन यात्रा के माध्यम से निरन्तर सार संभाल होती रहती है, परन्तु वर्तमान में कोविड-19 के कारण प्रत्यक्ष आपके बीच उपस्थित होकर मिलना संभव नहीं होने के कारण आज इस जूम मिटिंग के माध्यम से आपसे सम्पर्क कर प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। बहनों ! हम एक ऐसी संस्था की सदस्य होने पर गर्व का अनुभव करती है जो देशभर में अपनी 460 शाखाओं और पचास हजार से अधिक सदस्याओं के सक्रिय सहयोग एवं समर्पण के बल पर परिवार, समाज एवं राष्ट्र की सेवा करते हुए निरनतर संघ प्रभावना में श्रीवृद्धि कर रही है। एक समर्पित कार्यकर्ता और समर्थ नेतृत्व ही किसी भी संगठन या समाज की शक्ति होती है। हम सौभाग्यशाली है कि हमें तेरापंथ धर्मसंघ में जन्म और समाज सेवा का अवसर प्राप्त हुआ। उपरोक्त विचार अभातेममं की तमिलनाडु-केरल प्रभारी श्रीमती माला कातरेला ने कालीकट और कोचिन तेरापंथ महिला मंडल हेतु आयोजित बेबीनार में व्यक्त किय।

कार्यक्रम का शुभारम्भ आचार्य प्रवर के मंगलपाठ द्वारा हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में साध्वीप्रमुखाश्रीजी के मंगल संदेश का वाचन किया। श्रीमती अनिताजी चौपड़ा ने धर्म-ध्यान, जप-तप, साधना आदि के लिए स्वस्थ शरीर के साथ शान्त मन एवं निर्मल भावों की अपेक्षा पर बल देते हुए संयमित जीवन जीने की प्रेरणा दी। वेबीनार में ब्रेनविटा क्विज, नन्हीं कली, प्रश्नोत्तरी, भावना चौका आदि की जानकारी भी दगई।

संगठन यात्रा की राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती सरिताजी डागा के विचारों का वाचन श्रीमती सुमनजी बरमेचा ने किया। पूर्व रा.का.स. श्रीमती उषाजी बोहरा ने अध्यक्षीय उद्‌बोधन दिया। कालीकट महिला मंडल की बहनों ने प्रेरणा गीत का मधुर संगान तथा अध्यक्ष श्रीमती राजेश्री पुगलिया एवं मंत्री सुचित्रा बोहरा ने मंडल द्वारा सम्पन्न कार्यों की जानकारी देते हुए अपने विचार प्रकट किये। धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती अंजू दूगड़ ने किया।

## आंध्र तेलंगाना स्तरीय

दिनांक 25 जून को अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा निर्देशित आंध्र तेलंगाना संगठन यात्रा कोविड-19 की परिस्थितियों को देखते हुए वर्चुअल zoom द्वारा दोपहर 3:00 बजे से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं संगठन यात्रा संयोजिका श्रीमती सरिता जी डागा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती वीणा जी बैद की गरिमामय उपस्थिति में रखी गई। तेलंगाना प्रभारी श्रीमती प्रभा दूगड़ एवं आंध्र प्रभारी श्रीमती वंदना जी विनायकिया सहित दोनों क्षेत्र के सभी शाखा मंडल के अध्यक्ष, मंत्री मंडल की बहनें केसरिया परिधान में उपस्थित थी

कार्यक्रम का शुभारंभ विजयवाड़ा क्षेत्र से उपासिका श्रीमती चंदाजी चौरड़िया द्वारा किया गया। हैदराबाद महिला मंडल द्वारा मंगलाचरण की प्रस्तुति। श्रीमती सरला पी भूतोडिया ने सम्माननीय अतिथियों के लिए स्वागत गान गाया। परम श्रद्धेय साध्वी प्रमुखा श्री जी संदेश वाचन तेलंगाना प्रभारी श्रीमती प्रभा दूगड़ ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा जी बैद का अध्यक्षीय आह्वान आंध्र प्रभारी श्रीमती वंदना जी विनायकिया ने किया। हैदराबाद अध्यक्ष श्रीमती प्रेम जी पारख एवं विशाखापट्टनम अध्यक्ष श्रीमती मधु जी मरोठी ने सभी का हृदय से स्वागत किया !

अ.भा.ते.म.म. उपाध्यक्ष एवं संगठन यात्रा राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती सरिता जी डागा ने चारों योजनाओं के बारे में


विस्तृत जानकारी दी। श्रीमती वीणा जी बैद ने चुनाव व संविधान की सटीक जानकारी दी! सभी शाखा मंडल की बहनों को अपनी शंकाओं का उचित समाधान भी मिला। हैदराबाद, विशाखापट्टनम, विजयवाड़ा, विजयनगरम, राजामहेंद्रवरम, काकीनाड़ा एवं बोलाराम के अध्यक्ष ने अपने अपने अनुभव बताएं । कार्यशाला लगभग 3 घंटे तक व्यवस्थित एवं निष्पत्ति जनक चली।




समापन क्रम में विजयनगरम से मंत्री श्रीमती विनीता जी सुराणा ने बड़ी ही विनीत भाव से प्रत्येक वक्ता का उपमा सहित आभार ज्ञापन किया। कार्यक्रम का व्यवस्थित संचालन विशाखापट्टनम् से श्रीमती निशा जी कुंडलिया ने समय सीमा, चयनित शब्दों और मधुर वाणी से किया!

## शिलाँग स्तरीय

अखिल भारतीय महिला मंडल के निर्देशन में शिलोंग संभाग स्तरीय वर्चुअल जूम मीटिंग रखी गई जिसमें राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं मेघालय प्रभारी श्रीमती रंजू जी लुणिया ने शिलोंग शाखा की सार संभाल की। कार्यक्रम की शुरुआत नमस्कार महामंत्र एवं मंगलाचरण से हुई।




कार्यक्रम का संचालन करते हुए क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती सुनीता सुराना ने क्षेत्रीय प्रभारी एवं ज़ूम मीटिंग में जुड़े हुए सभी सदस्यों का स्वागत किया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती संगीता लुणिया ने क्षेत्रीय प्रभारी का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा जी बैद के संदेश का वाचन किया। उसके बाद साध्वी प्रमुखा श्री जी द्वारा प्रेषित संदेश का वाचन वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती नीरु सेठिया ने किया। संगठन यात्रा संयोजिका के संदेश का वाचन उपाध्यक्ष श्रीमती कांता बोथरा ने किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए श्रीमती रंजू जी लुणिया को संविधान चुनाव आदि की जानकारी प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया। श्रीमती रंजू जी लुणिया ने बहुत ही सुन्दर तरीके से सबसे पहले बहनों को अच्छे कार्यकर्ता कैसे बन सकते हैं बताया फिर संविधान एवं चुनाव के बारे मे व संस्था मे कितने रजिस्टर होने चाहिए आदि सभी छोटी छोटी बातों को  सारगर्भित तरीके से बताया।

अखिल भारतीय महिला मंडल की चार प्रमुख योजनाओं को बहुत ही अच्छे तरीके से सबको समझाया एवम सभी बहनों से अनुरोध किया कि आप केंद्र द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रमों को पूरे जुनून  जोश व प्रामाणिकता के साथ करें। काफी बहनों ने अपनी जिज्ञासाएं भी रखी सवाल भी किए जिनके समाधान श्रीमती रंजू जी ने दिए। मंत्री श्रीमती सुनीता सुराना ने कार्यक्रम का कुशलता पूर्वक संचालन किया एवं क्षेत्रीय प्रभारी के प्रति समय समय पर सभी जानकारी प्रदान करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। ज़ूम पर उपस्थित सभी बहनों के प्रति आभार ज्ञापित किया। ज़ूम द्वारा आयोजित यह मीटिंग बहुत ही सफल एवं सार्थक रही।

## मारवाड़ स्तरीय



अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के अंतर्गत तेरापंथ महिला मंडल मारवाड़ स्तरीय सार संभाल कार्यशाला का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के उच्चारण के पश्चात् साध्वी प्रमुखा महाश्रमणी कनक प्रभा जी के संदेश का वाचन किया पूर्व अध्यक्षा कविता जी सुराणा ने। अध्यक्ष श्रीमती विमलाजी बैद ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती कनकजी बैद व सभी सदस्यों का स्वागत किया । कनकजी बैद ने कार्यशाला का उद्देश्य बताते हुए किस संदर्भ में सारसंभाल कार्यशाला की जाती है यह 15 पॉइंट बताएं और कहा कि सारसंभाल के माध्यम से सम्पर्क साधा जाता है। मंत्री अमिता बैद ने 2 वर्ष में किए गए कार्यों का ब्यौरा दिया। उन्होंने रजिस्टर के बारे में, ज्ञानशाला प्रशिक्षकों के बारे में, अन्य बातों की जानकारी दी, जानकारियों के आदान-प्रदान के साथ यह कार्यशाला संपन्न हुई। श्रीमती सरिता जी ने आभार ज्ञापित किया।

# तेरापन्थ महिला मंडल मुंबई द्वारा लोकार्पित उद्यान के द्वार का भव्य अनावरण




तेरापंथ महिला मंडल मुंबई द्वारा नेरुल में महिला दिवस पर लोकार्पित नारी गौरव उद्यान द्वार का भव्य अनावरण महामंत्री श्रीमती तरुणाजी बोहरा, मुंबई अध्यक्ष श्रीमती भाग्यश्रीजी कच्छारा, पूर्वाध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता जी सिसोदिया, श्रीमती कांताजी तातेड़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, स्थानीय नगरसेविका श्रीमती शिल्पा कांबले, नगरसेवक श्रीमान सुरेश शेट्टी, श्रीमान अर्जुनजी सिंघवी, अमृतजी जैन, तेयुप अध्यक्ष राजेशजी सामोता अभातेममं से निर्मला जी चण्डालिया, कांताजी डुंगरवाल, कोषाध्यक्ष चंद्राजी कोठारी, ई मीडिया प्रभारी अल्काजी मेहता, हेमाजी बाफना, नेरुल संयोजिका मधुजी धोका, निवर्तमान संयोजिका मनीषा चंडालिया, सह संयोजका भावनाजी बाफना, मीनाजी चण्डालिया एवं टीम आदि की उपस्थिति रही। मुंबई अध्यक्ष भाग्यश्री जी ने सभी मुख्य अतिथि का स्वागत व धन्यवाद करते हुए कहा कि महिलामण्डल को आप सभी का हमेशा सहयोग मिला। महामंत्री तरुणाजी बोहरा ने मुंबई महिलामण्डल को बहुत बहुत शुभकामनाएं प्रेषित की। पूर्वाध्यक्ष प्रेमलताजी सिसोदिया ने भी अपने विचार रखे। उद्यान के सौंदर्यीकरण एवं द्वार निर्माण में विशेष सहयोग अनिताजी सिंयाल का रहा।

# तृप्ति ..... एक बूंद

तृप्ति -एक बूंद

## भीलवाड़ा

जल है तो कल है महाजागृति महाभियान के अन्तर्गत अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के जागृति महाअभियान में तेरापंथ महिला मंडल भीलवाड़ा द्वारा तृप्ति एक बूंद,

बचाए जल – सुरक्षित करे कल

जल है अनमोल सोना, इसे यूं व्यर्थ न खोना

बूंद बूंद की करें बचत

मानव सेवा के इस प्रकल्प के अंतर्गत भीलवाड़ा महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती विमला रांका, मंत्री श्रीमती रेनू चौरड़िया व पूरी टीम द्वारा 7 एक्वा गार्ड तथा 3 water cooling machine लगवाई गई। 16 जून गुरुवार को प्रातः 10.30बजे मेडिकल कॉलेज सांगानेर में एक वाटर कूलिंग मशीन with aquaguard और 19 जून शनिवार को तेरापंथ नगर के तेरापंथ भवन में दो वाटर कूलिंग मशीन with aquaguard का उद्घाटन किया गया।

1. 40 लीटर क्षमता वाली वाटर कूलिंग मशीन विद एक्वा गार्ड 25 हजार रू. की Medical college मे लगवाई गई।

2. 80 लीटर क्षमता वाली वाटर कूलिंग मशीन विद एक्वागार्ड 32000 रुपए की तेरापंथ नगर में लगवाई गई।

3. 150 लीटर क्षमता वाली वाटर कूलिंग मशीन with aquaguard 49000 रुपए की नवनिर्मित गुरुदेव के चातुर्मास प्रवास स्थल तेरापंथ नगर में लगवाई गई।

4. एक्वा गार्ड 4 machine विभिन्न स्कूलों में लगाई जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी से हमारी बात हो चुकी है, जैसे ही स्कूल खुलती है, महिला मंडल द्वारा इस प्रोजेक्ट को पूरा किया जायेगा।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के द्वारा निर्देशित नन्हीं कली प्रोजेक्ट के तहत 50000 की राशि से 11 कन्याओं को भीलवाड़ा महिला मंडल द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की गई और अभी भी प्रोजेक्ट चालू है।

# आचार्य तुलसी सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र

### उधना

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल उधना द्वारा एवं आचार्य श्री तुलसी के महाप्रयाण दिवस के अवसर पर समृद्ध राष्ट्र योजना के तहत तेरापंथ महिला मंडल उधना द्वारा आचार्य श्री तुलसी महाप्रयाण दिवस पर दिनांक 27 जून 2021 को आचार्य तुलसी सिलाई केंद्र का उद्घाटन मरोली तहसील के वाड़ा गांव में किया गया । आचार्य तुलसी सिलाई केंद्र का उद्घाटन जैन संस्कार विधि से तेरापंथ महिला मंडल उधना की बहनों के द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में तेरापंथ महिला मंडल उधना की अध्यक्ष श्रेया जी बाफना, मंत्री महिमा चोरड़िया, परामर्शिका सुशीला जी मेड़तवाल, दिलखुश जी मेड़तवाल, मंजू जी नौलखा, उपाध्यक्ष जस्सू जी बाफना, युवती प्रभारी ललिता जी चोरडिया कार्यकारिणी सदस्य संजू जी भलावत, शिल्पा कोचर की उपस्थिति रही। सिलाई केंद्र 2 शिफ्ट में चलाया जाएगा एवं 30 बहनें रजिस्ट्रेशन करवा के सिलाई सीख रही है।

### गुवाहाटी

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल गुवाहाटी के तत्वावधान में आचार्य तुलसी सिलाई प्रशिक्षण प्रकल्प के अन्तर्गत तीसरे सिलाई केन्द्र का उद्घाटन पांडू में श्रीमती साधना सुराणा के परिसर में किया गया। अध्यक्ष रंजू खटेड़ ने मंडल द्वारा चलाए गए प्रकल्प की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य से हमारी बहनें स्वावलंबी बनेंगी तथा भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया। इन मशीनों की प्रायोजक मंत्री श्रीमती अजंता बैद व श्रीमती सुनीता डागा है। इस प्रोजेक्ट की संयोजिका श्रीमती अरुणा बैद का अथक परिश्रम रहा। पूर्व अध्यक्ष विमला कोचर, सरोज बरड़िया के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हुआ। सह मंत्री ममता दुगड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के अगस्त माह में होने वाले कार्यक्रम

गुरुदेव की कृपा से अभातेममं के निम्न कार्यक्रम निम्न प्रकार से होने संभावित है।

12-13 अगस्त 2021 :- तेरापंथ दर्शन तत्वज्ञान प्रचेता कार्यशाला 2021

14, 15 अगस्त 2021 :- ट्रस्ट मंडल एवं कार्यसमिति बैठक

16,17,18 अगस्त 2021 :- राष्ट्रीय कन्यामण्डल अधिवेशन

सभी ट्रस्टी गण से अनुरोध है कि आप ट्रस्टीगण 13 अगस्त की शाम को जयपुर पहुंच जाएं। 14 अगस्त को प्रातः 9:00 बजे ट्रस्ट मंडल की मीटिंग रखी जाएगी और कार्यकारिणी मीटिंग मध्यान्ह 1:30 बजे से रखी जाएगी। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की सभी बहनें 15 अगस्त को शाम को वापसी की टिकट बनवा सकती हैं और यदि भीलवाड़ा गुरुदेव के दर्शनार्थ जाना चाहे तो रात को 10:30 बजे खुजराहो-उदयपुर ट्रेन से जा सकती है। उपरोक्त सभी कार्यक्रम जयपुर अनुविभा केंद्र में होने निर्धारित है।

सभी कार्यसमिति सदस्यों से अनुरोध है मीटिंग में अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज कराएं ।

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का 46 वां अधिवेशन

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का 46वाँ वार्षिक अधिवेशन दिनांक 28, 29 और 30 सितम्बर को होना निश्चित हुआ है। यह कार्यक्रम कहां और कैसे आयोजित होगा इसकी सूचना आगामी नारी लोक में दे दी जाएगी।

# ज्ञान चेतना प्रश्नोत्तरी
## अगस्त - 2021

संदर्भ पुस्तक - चैतन्य रश्मि कनकप्रभा (पृष्ठ संख्या 174 से 190)

### (अ) वाक्य पूर्ण करो -

1. गुरुदेव की प्रवचन ............................
2. एक देखता नूतन ............................
3. टूटी-फूटी खराब ............................
4. गुरुदेव श्री का दिल्ली ............................
5. मर्यादा महोत्सव का श्री ............................
6. पूरी निष्ठा से ............................
7. इसी का नाम है सामयिक ............................
8. उसमें संयुक्त अक्षर आया ............................
9. वस्तुतः इसी का नाम है प्रशासन ............................
10. ओ कुदरत को ............................

### (ब) अन्ताक्षरी से रिक्त स्थान की पूत्रि करें -

1. साध्वी प्रमुखाश्री जी एक कुशल ............................ शास्त्री है।
2. संध्या का ............................
3. ............................ भी पादप वह भी पादप
4. ............................ यह शान्ति का कार्यक्रम मात्र एक कस्बे के लिए नहीं है।
5. उनको ............................ मिली।
6. गुरु शिष्य का संबंध आत्मा के ............................ पर निर्मित है।
7. परिषद की सुविधा को ............................ कर पूज्य गुरुदेव ने
8. इत्यादि विचार ............................ ने उनको उद्वेलित कर दिया।
9. साध्वी जिनप्रभाजी ............................ वैसे भी कम जाती है।

नोट :
- प्रश्नों के उत्तर Google Form के द्वारा भेजने रहेंगे। अंतिम तिथि 25 अगस्त 2021 है।
- Google Form की Link आपको Team Group में प्रेषित कर दी जायेगी।
- सभी शाखा के अध्यक्ष/मंत्री से अनुरोध है कि Link अपनी शाखा के सदस्यों तक पहुँचाये।
- प्रश्नोतरी में संभागी बहिनों से अनुरोध है कि Link के लिए अपने अध्यक्ष/मंत्री से सम्पर्क करें।
- अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -

श्रीमती मधु देरासरिया, सूरत
मो. : 9427133069 E-mail : madhujain312@gmail.com

# जुलाई माह के उत्तर

(अ)

1. संकोचशील
2. आपरी
3. स्वाध्यायशीलता
4. समर्पण
5. बरफी
6. श्रम
7. निदेशिका
8. आदर्श
9. भंसाली
10. राजनीति
11. शांत
12. महाप्रज्ञ
13. अभ्यासेन
14. अलौकिक
15. बराबर
16. विनसै
17. मुदित
18. वररूए
19. नीरूज
20. साध्वी प्रमुखा

---

# अप्रैल माह के भाग्यशाली विजेता

1. श्रीमती बबीता कोठारी – कटक
2. श्रीमती मनीषा बडाला – वीरार
3. श्रीमती ममता तातेड़ – लूणकरणसर
4. श्रीमती कुसुम जैन – कोटा
5. श्रीमती आशा खाव्या – अहमदाबाद
6. श्रीमती सरोज सेठिया – बीकानेर
7. श्रीमती सरोज छाजेड़ – दिल्ली
8. श्रीमती पुष्पा दुगड़ – बैंगलुरु
9. श्रीमती संपत देवी बैद – करीमगंज
10. श्रीमती भारती संकलेचा – इचलकरंजी

विशेष : सभी विजेता बहनों से नम्र निवेदन है कि वे अपना पता श्रीमती मधु देरासरिया को लिखवा दें।

---

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल को मिलने वाला अनुदान

2,51,000 श्रीमती पाना देवी, श्रीमती कल्पना देवी–प्रकाश जी, अरूणा देवी–प्रमोद जी बैद परिवार द्वारा नूतन गृह के उपलक्ष में फिजियोथेरेपी सेंटर में सप्रेम भेंट।

21,000 श्रीमती सरिता – संतोष जी गोठी (बैंगलुरु – सरदारशहर) द्वारा भावना चौका के लिए सप्रेम भेंट।

11,000 श्रीमती वंदना–ललितजी बिनायकिया द्वारा अपनी बेटी शिखा के विवाहोत्सव के उपलक्ष में सप्रेम भेंट।

11,000 श्रीमती किरण देवी, सुपुत्र आशकरण–तारा देवी अंचलिया द्वारा भावना चौका में सप्रेम भेंट।

11,000 डॉ. नीना – श्रीमान् जितेन्द्र जी कावड़िया द्वारा अपने सुपुत्र मोहित संग सलोनी के विवाह उपलक्ष में सप्रेम भेंट।

5,000 चंडीगढ़ महिला मंडल द्वारा सप्रेम भेंट।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा सभी अनुदानदाताओं के प्रति हार्दिक आभार !

---

**अध्यक्षीय कार्यालय :** श्रीमती पुष्पा बैद – ''पावन'' बी–106/107, विद्युत नगर–बी, क्वीन्स रोड़, जयपुर – 302021
मो. : 9314194215, 8209004923 ईमेल pushpabaid312@gmail.com

**महामंत्री कार्यालय :** CA तरूणा बोहरा – 301, साधना पैलेस, मराठा कॉलोनी, दहिसर (पूर्व) मुम्बई – 400068
मो. : 8976601717 ईमेल tarunajain365@gmail.com

**कोषाध्यक्ष कार्यालय :** श्रीमती रंजु लुणिया – लुणिया मार्केटिंग प्रा. लिमिटेड, बड़ा बाजार, छेरा बस स्टॉप के पास, शिलोंग–793001 (मेघालय) मो: 94361033330, 8787645164 ईमेल lmplshillong@gmail.com

**नारीलोक संपादन सहयोगी :** श्रीमती गुलाब बोथरा मो : 9462342976

नारीलोक देखें website : www.abtmm.org